कॉलेज परिसर बना अव्यवस्थाओं का अड्डा

नल एवं वाटर कूलर खराब, ट्रॉयलेट में गंदगी का अम्बार, परिसर में जगह-जगह घास, प्रबंधन बेपरवाह

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 जून। जिले के दूरस्थ शासकीय महाविद्यालय बरका अव्यवस्थाओं का शिकार है। जहां पेयजल संकट के साथ-साथ साफ-सफाई का टोटा है। कॉलेज प्रबंधन उदासीन है। जबकि छात्र समय-समय लगातार प्रभारी प्राचार्य का ध्यान आकृष्ट कराते रहते हैं, इसके बावजूद व्यवस्थाएं जस की तस बनी हुई हैं।

दरअसल जिला मुख्यालय बैढ़न से 130 किलोमीटर दूर स्थित सरई अंचल के सबसे पुराना शासकीय महाविद्यालय बरका अव्यवस्थाओं से घिरा हुआ है। आलम यह है कि परिसर की जहां साफ-सफाई न कराए जाने से जगह-जगह घास एवं पतझड़ दिखाई दे रहे हैं। वहीं यहां के ट्रॉयलेट का कई महीनो से साफ-सफाई नही की गई है, लिहाजा छात्र-छात्राएं एवं अतिथि विद्वान भी जाने से कतराते हैं।

इतना ही नही यहां पेयजल भी नसीब नही हो रहा है। नल के टोटी से पानी भी नही निकलता और वाटर कूलर शोपीस बना हुआ है।

एनएचयूआई के पूर्व छात्र अध्यक्ष राहुल जायसवाल ने महाविद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर वीडियों के साथ सोशल मीडिया में वायरल कर लीड कॉलेज बैढ़न एवं जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधते हुये गंभीर आरोप लगाया है। वहीं महाविद्यालय के छात्रों ने इस ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।

छात्रों को नसीब नहीं हो रहा शुद्ध पेयजल

महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का कहना है कि बताने एवं दिखाने के लिए वाटर कूलर आरो लगा हुआ है, परंतु इसमें कई महीने से एक बूंद पानी भी नही आ रहा है। पानी न आने की वजह संभवत: मोटर खराब है या फिर टंकी में पानी नही रहता। यह समस्या महीनो से है, परंतु निराकरण नही हो पा रहा है। महाविद्यालय में एक नही अनेक समस्याएं हैं।

महाविद्यालय को नहीं मिल रहे स्थाई प्राचार्य

शासकीय महाविद्यालय बरका का पठन-पाठन व्यवस्था भी भगवान भरोसे है। महाविद्यालय में करीब-करीब सभी गतिविधियां खेलकूद बंद है। वहीं सहायक प्राध्यापक के भरोसे महाविद्यालय है। छात्र-छात्राओं ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि यहां खेल सामग्री क्रय में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी की बू आ रही है। पूर्व में बैढ़न में पदस्थ प्राचार्य ने खेल खेला है। इसके अलावा फर्नीचर, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर एवं विज्ञान, प्रयोगशाला के सामग्रियों में भी व्यापक पैमाने पर भी गड़बड़ी की गई है। हालांकि महाविद्यालय बरका के तत्कालीन प्राचार्य ने 21 नवम्बर 2024 कलेक्टर के यहां पत्राचार किया था।

जल संरक्षण से समृद्ध होगा सिंगरौली : शाह

जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह हिर्रवाह रिवर फ्रंट में संपन्न

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 जून। प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत तीन माह तक संचालित विभिन्न गतिविधियों का समापन समारोह आज मंगलवार को हिर्रवाह रिवर फ्रंट में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर रानी अग्रवाल ने की। इस अवसर पर ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, सीडा सुंदरलाल शाह एवं जिपं सीईओ जगदीश गोमे, ननि आयुक्त सविता प्रधान सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ 30 मार्च को किया गया था, जिसका समापन आज 30 जून को हुआ। अभियान के दौरान जिलेभर में जल संरक्षण एवं जल स्रोतों के पुनर्जीवन के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए गए। समापन समारोह में विधायक रामनिवास शाह ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करते हुए कहा कि जल संरक्षण केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक सहभागिता से ही यह अभियान सफल हो सकता है।

जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता : रानी

महापौर रानी अग्रवाल ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा नगर निगम द्वारा जल स्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। वहीं ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान ने समाज में जल संरक्षण के प्रति सकारात्मक जागरूकता उत्पन्न की है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से ही जल स्रोतों का संरक्षण संभव है तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए जल बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। साथ ही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर गौरव बैनल ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशानुसार जिले में जनप्रतिनिधियों एवं आमजन के सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान को व्यापक रूप से संचालित किया गया।

एक नजर में

बस विद्युत पोल से टकराई, पार्क की दिवार क्रेक

सिंगरौली। जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड तिराहे के पास मंगलवार की अल सुबह करीब 5 से 6 बजे के बीच एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया। सूत्रों के अनुसार बस स्टैंड के सामने साफ.-सफाई के दौरान संचालित की जा रही प्रिया बस अनियंत्रित होकर पीछे की ओर विद्युत पोल, मल्हार पार्क की दिवाल और एक किराना दुकान से जा टकराई। हादसे में मल्हार पार्क की दिवाल में दरार आ गई, जबकि विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के कारण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हुई। वहीं पास स्थित किराना दुकान को भी भारी नुकसान पहुंचा, जिससे दुकानदार को हजारों रुपये की क्षति होने का अनुमान है।

बाइक की टक्कर से बच्ची घायल

देवसर। देवसर के पूर्वी बाईपास स्थित एसडीओपी कार्यालय के सामने मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक मासूम बच्ची घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्र हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज गति से आ रही बाइक ने बच्ची को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही समाजसेवी योगेश द्विवेदी मौके पर पहुंचे और बिना देर किए घायल बच्ची को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, देवसर रवाना किया। उनकी तत्परता की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

एमएमडीआर अधिनियम पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

सिंगरौली। एनसीएल के सीईटीआई में मंगलवार से खान और खनिज अधिनियम 1957 एमएमडीआर अधिनियम के संशोधित प्रावधानों पर केंद्रित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 30 जून एवं कल 1 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य एमएमडीआर अधिनियम की धारा 22, 23(ख) एवं 24 में किए गए हालिया संशोधनों के संबंध में एनसीएल के अधिकारियों को विस्तृत जानकारी प्रदान करना तथा अवैध खनन एवं कोयला चोरी जैसी गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी एवं विधिसम्मत कार्रवाई के लिए उन्हें सक्षम बनाना है। कार्यक्रम के दौरान विवेक शुक्ला वरिष्ठ सलाहकार , बीसीसीएल द्वारा खनिज अधिनियम 1957 में विधिक परिवर्तन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है ।

जिपं सीईओ ने की 265 आवेदनों पर जनसुनवाई

सिंगरौली। जिले के विभिन्न अंचलों से आए नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जगदीश गोमे ने उपस्थित होकर कुल 265 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा मौके पर मौजूद जिला स्तरीय अधिकारियों से कई आवेदनों का तत्काल समाधान कराया। जनसुनवाई के दौरान अधिकांश शिकायतें एवं समस्याएं विद्युत व्यवस्था से संबंधित रहीं। इसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को बिजली व्यवस्था में तत्परता के साथ सुधार करने के कड़े निर्देशित किया।

लम्बी बीमारी के बाद आप नेत्री का निधन

सिंगरौली। लम्बी बीमारी के बाद कांग्रेस पार्टी की पूर्व नेत्री एवं मौजूदा आम आदमी पार्टी में शामिल शशिकला पाण्डेय निवासी हर्रई का मुंबई में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके इस निधन पर विधायक रामनिवास शाह, भाजपा नेता गिरिश द्विवेदी, कांग्रेस नेता अमित द्विवेदी, पूर्व युथ जिलाध्यक्ष सूर्या द्विवेदी ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

समाज के विकास की आधारशिला सशक्त बेटियां होती हैं : सुखदेव

हिंडालको महान की सीएसआर पहल से सशक्त होंगी बेटियां

नवभारत न्यूज

बरगवां 30 जून। हिंडालको महान ने अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत जिले की बालिकाओं के समग्र विकास एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से प्रोजेक्ट बिटिया शी शाइन्स का शुभारंभ किया।

यह परियोजना हिंडालको महान एवं पीसीआई संस्था के संयुक्त सहयोग से संचालित की जाएगी। परियोजना का नेतृत्व परियोजना अधिकारी रूपिका ठाकुर करेंगी। कार्यक्रम में बीईओ देवसर सुखदेव सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के विकास की आधारशिला उसकी शिक्षित एवं सशक्त बेटियां होती हैं। उन्होंने हिंडालको महान की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जिले में बालिका सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर वार्ड 15 के पार्षद संजीव कुमार सिंह एवं अन्य पार्षद सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे। हिंडालको महान के इकाई प्रमुख लिनु पंचमन ने अपने संदेश में कहा कि हिंडालको महान का उद्देश्य केवल औद्योगिक प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के समग्र एवं समावेशी विकास में भी सक्रिय भागीदारी निभाना है। मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने कहा कि बालिका सशक्तिकरण सतत एवं समावेशी विकास की सबसे मजबूत नींव है। वहीं परियोजना अधिकारी रूपिका ठाकुर ने बताया कि हिंडालको महान एवं पीसीआई संस्था के संयुक्त सहयोग से संचालित यह परियोजना समुदाय, विद्यालय, आंगनवाड़ी और स्थानीय संस्थाओं के साथ मिलकर बालिकाओं के समग्र विकास के लिए कार्य करेगी।

डाटा एंट्री ऑपरेटर को चेतावनी,चार नर्सिंग ऑफीसर को नोटिस

सीएमएचओ ने जारी किया नोटिस, जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं डीपीएम ने बरगवां पीएचसी का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 जून। जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुधांशु मिश्रा , राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरगवां का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान संस्थागत प्रसव, रिकॉर्ड संधारण तथा मातृ स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित कार्यों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं, जिस पर संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पीएचसी बरगवां में माह अप्रैल से आज 30 जून तक हुए 94 संस्थागत प्रसवों की ऑनलाइन एंट्री आउटसोर्स डाटा एंट्री ऑपरेटर शीला साहू द्वारा लंबित रखी गई है। डाटा एंट्री ऑपरेटर को अंतिम चेतावनी दी गई है। निरीक्षण के दौरान लेबर रूम एवं मातृ स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित अभिलेखों की जांच में नर्सिंग अधिकारियों करूणा पटेल, अंजू सोनी, मीरा शाह एवं उर्मिला साहू द्वारा रिकॉर्ड संधारण में भी कई विसंगतियां पाई गईं। निरीक्षण के दौरान कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित नर्सिंग अधिकारियों को दो दिवस के भीतर कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत करने के निर्देशित किया।

निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब प्राप्त न होने की स्थिति में संबंधितों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

बैढ़न समेत कई हिस्सों में हुई झमाझम बारिश

सिंगरौली 30 जून(एनबीएन)। आज शाम के वक्त बैढ़न समेत चितरंगी, देवसर, सरई, माड़ा क्षेत्र में मानसून सक्रिय होता दिखाई दे रहा है और इस दौरान मोरवा अंचल छोड़ कर अन्य इलाको में झमाझम करीब एक घंटे तक बारिश हुई है। बैढ़न बस स्टैंड का राजीव कॉम्प्लेक्स में घुटने तक का पानी जमा हो गया है।

बिना अभिवहन पास गिट्टी-डस्ट परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त

खनिज विभाग की कार्रवाई, बिना नंबर का है ट्रैक्टर, कोतवाली बैढ़न में कराया खड़ा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 जून। जिले में अवैध खनिज परिवहन पर अकुंश लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश एवं खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन में मंगलवार को खनिज निरीक्षक अशोक मिश्रा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना अभिवहन पास गिट्टी-डस्ट का परिवहन कर रहे एक बिना नंबर ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया। जांच के दौरान वाहन चालक वैध अभिवहन पास प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद खनिज विभाग ने नियमानुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त कर सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली बैढ़न परिसर में खड़ा कराया। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जप्त वाहन के विरुद्ध म.प्र. खनिज नियमों के तहत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पत्रकार रोहित गुप्ता की मां का दु:खद निधन

सिंगरौली 30 जून (एनबीएन)। जिले के वरिष्ठ पत्रकार रोहित गुप्ता की मॉ का आज दिन मंगलवार की देर शाम नेहरू शताब्दी चिकित्सालय जयंत में आज उपचार के दौरान निधन हो गया। जानकारी के अनुसार चन्द्रावती देवी उम्र 80 वर्ष पिछले कई दिनों से बीमार चल रही थी। चन्द्रावती के इस दुखद निधन पर पत्रकार अमित द्विवेदी, एपी गोस्वामी, धीरेन्द्र धर द्विवेदी, श्रीकांत द्विवेदी, एसपी वर्मा, नवीन मिश्रा, विवेक त्रिपाठी, रामसुशील द्विवेदी, रामयस सिंह, मनीष चौधरी, प्रमोद चौबे सहित अन्य पत्रकारो ने शोक व्यक्त किया है।

विंध्याचल में सीआईआई ईएफक्यूएम असेसर्स प्रशिक्षण का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 30 जून। आरएलआई विंध्याचल में तीन दिवसीय सीआईआई ईएफक्यूएम असेसर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

इस प्रमाणन कार्यक्रम में विंध्याचल, सिंगरौली एवं रिहंद से आए प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षित असेसर्स का एक सशक्त समूह तैयार करना है, जो अपने-अपने कार्यक्षेत्र में ईएफक्यूएम एक्सीलेंस मॉडल के प्रभावी उपयोग के माध्यम से संगठनात्मक उत्कृष्टता को आगे बढ़ा सके। कार्यक्रम का उद्घाटन किशोर कुमार होता कार्यकारी निदेशक ने एजे राजकुमारए महाप्रबंधक, मणिक्यान सुरेश महाप्रबंधक, देबब्रत त्रिपाठी सहित अन्य के उपस्थिति में किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में किशोर कुमार होता ने कहा कि आज संगठनात्मक उत्कृष्टता का आंकलन केवल लक्ष्यों की प्राप्ति से नहीं, बल्कि संगठन की लचीलापन, चुस्ती और निरंतर सुधार की संस्कृति विकसित करने की क्षमता से किया जाता है। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. देबस्मिता त्रिपाठी अपर महाप्रबंधक ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

जन चौपाल में सुनी गई ग्रामीणों की समस्याएं

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 जून। मोरवा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 स्थित वन मंडल कार्यालय परिसर में जन चौपाल का आयोजन किया गया।

जन चौपाल में एसडीओपी रोशनी कुर्मी एवं मोरवा थाना प्रभारी निरीक्षक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। लोगों ने कानून व्यवस्था, आपसी विवाद, राजस्व संबंधी मामलों सहित अन्य स्थानीय समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। साथ ही लोगों को आवश्यक कानूनी जानकारी देकर उनकी शंकाओं का समाधान भी किया गया। वहीं इस अवसर पर जन चौपाल के दौरान अधिकारियों ने सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान की जानकारी देते हुए लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी एवं बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी साझा करने से बचने की सलाह दी।

ताली मोहल्ले में पैदल चलना भी आसान नहीं

नपानि के वार्ड क्रमांक -40 का मामला,सीवरेज ठेकेदार की लापरवाही

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 जून। नपानि के वार्ड क्रमांक 40 ताली मोहल्ले की सड़क इन दिनों पैदल चलने लायक भी नही है। आरोप है कि संविदाकार ने सीवरेज पाइप लाइन का कार्य किया, जहां डामरीकरण सड़क मिट्टी में तब्दील हो गई है।

दरअसल नगर पालिक निगम क्षेत्र सिंगरौली में सीवरेज एवं अमृत-2 तथा घरेलू गैस कनेक्शन पाइप के ठेकेदारों ने डामर एवं पीसीसी सड़को की बदसूरत कर दिया है। आलम यह है कि मोहल्लो की कई सड़को में बारिश के दिन पैदल भी चलना मुश्किल है।

ताजा उदाहरण वार्ड क्रमांक 40 ताली मोहल्ले का है। जहां सीवरेज ठेकेदार ने सड़क की दुर्दशा कर दिया है। ताली मोहल्ले की युवती मानसी ने सोशल मीडिया के माध्यम से गुहार लगाई है और कहा है कि महापौर एवं पार्षद जी एक बार सड़क का कम से कम निरीक्षण कर सड़क की हालत देख मरम्मत कराएं।

सेवा निवृत्त कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई

सिंगरौली 30 जून(एनबीएन)। कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में सेवा निवृत्त शास. कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर पीएस त्रिपाठी द्वारा नगर तहसील में पदस्थ सहायक वर्ग-2 राजेश प्रताप सिंह एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय में पदस्थ सहायक वर्ग-2 भागचंद डहरिया को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

एनसीएल में स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ समापन

स्वच्छता साथियों का सम्मान, विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं फलदार पौधों का हुआ वितरण

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 जून। एनसीएल के मुख्यालय सहित सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित किया गया।

16 से 30 जून तक आयोजित इस पखवाड़े के दौरान कंपनी में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर विभिन्न जन-जागरूकता एवं सहभागिता आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए। एनसीएल मुख्यालय में आयोजित समापन समारोह में निदेशक मनीष कुमार, आशुतोष द्विवेदी, मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार जायसवाल, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी, स्कूली विद्यार्थी एवं स्वच्छता साथी मौजूद रहे। इस अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में केंद्रीय विद्यालय सिंगरौली व सरस्वती शिशु मंदिर के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

साथ ही एनसीएल परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वच्छता साथियों का सम्मान किया गया तथा उन्हें रेनकोट वितरित किए गए। इस अभियान के अंतर्गत कुल 2,500 फलदार पौधों का वितरण किया जाएगा।